दिनांक 01, अक्टूबर 2021

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.10.2021 को वन्य प्राणि सप्ताह–2021 के अवसर पर प्राणि उद्यान,लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह–2021 के अवसर पर Online माध्यम से निम्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गयी।

1– वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 170 निबन्ध प्राप्त हुए।

2– रैप्टाइल्स आफ यू0पी0 विषय पर जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता में 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

दिनांक 2.10.2021 को प्राणि उद्यान, लखनऊ में होने वाली प्रतियोगिताओं का विवरण निम्न प्रकार है–

1– वन्यजीव संरक्षण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता

2– Zoo Visit विषय पर जस्ट ए मिनट वीडियो प्रतियोगिता

3– मोबीवॉक प्रतियोगिता

दिनांक 01.10.2021 को ''वन्य प्राणि सप्ताह (01–07 अक्टूबर) 2021'' का राज्य स्तरीय समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री दारा सिंह चौहान, मा0 मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश, द्वारा कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर में किया गया। इस अवसर पर श्री मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश, श्री सुनील पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, श्री पवन कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश, श्री आर0के0 सिंह, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, शेष नारायण मिश्रा, निदेशक, कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर उपस्थित थे। इस अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी Online के माध्यम से सम्मिलित हुए। इस असवर पर प्राणि उद्यान, लखनऊ की तरफ से लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर–9 वृन्दावन योजना की छात्राओं कु0 खुशी दुबे एवं सान्या सिंह द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष पर अपने विचार मा0 वन मंत्री जी के सम्मुख विचार प्रस्तुत किये साथ में इनकी शिक्षका श्रीमती अनुमदा जायसवाल भी उपस्थित रहीं।

(–ह0)
(आर0के0 सिंह)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ